भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 17 नवंबर , 2023

विषय: अक्तूबर, 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (सं.-10)।

अक्तूबर, 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/ आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 17.10.2023 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वर्ष 2021 के लिए **69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** प्रदान किए। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री सुश्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और 'एक था गांव' ने सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता। श्री अल्लू अर्जुन को फिल्म ' पुष्पा (द राइज पार्ट I)' में उनके प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया, जबकि सुश्री आलिया भट्ट और सुश्री कृति सेनन ने क्रमशः 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'मिमी' के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। श्री पंकज त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता जबकि सुश्री पल्लवी जोशी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने ग्राफिक्स, वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंटस पर सोशल मीडिया आउटरीच चलाया, जिसे हैशटैग **#NationalFilmAwards, #69$^{th}$NationalFilmAwards** आदि का उपयोग करके साझा किया गया।

2. केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 को अधिक व्यापार अनुकूल तथा सेक्टर में निवेशक का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जन विश्वास (प्रावधान में संशोधन) अधिनियम, 2023 के माध्यम से पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 16 के तहत निर्दिष्ट दंडों को अपराध मुक्त कर दिया गया है। तदनुसार, **केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में आवश्यक संशोधन किए गए हैं** और इसे 03.10.2023 को अधिसूचित किया गया है। कारावास के प्रावधानों को अब मौद्रिक शास्ति के साथ और एडवाइजरी, चेतावनी और निंदा जैसे अन्य गैर-मौद्रिक उपायों से बदल दिया गया है।

3. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने 11.10.2023 को केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) और ग्राफिटी स्टूडियो द्वारा निर्मित **एनिमेटेड श्रृंखला कृष, ट्रिश एंड बाल्टीबॉय - भारत हैं हम** को लॉन्च किया। श्रृंखला में कुल 52 एपिसोड के दो सीज़न हैं, प्रत्येक एपिसोड 11 मिनट का है, जिसमें 1500 से

1947 तक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानियाँ शामिल हैं और इसे प्रतिष्ठित एनिमेटेड पात्रों कृष, ट्रिश और बाल्टीबॉय द्वारा होस्ट किया गया है । विदेशी भाषाओं सहित 19 भाषाओं में रिलीज होने वाली यह श्रृंखला विश्व दर्शकों तक पहुंचने के लिए भाषा की बाधा को पार कर जाएगी। 15.10.2023 से दूरदर्शन, नेटफ्लिक्स और अमेज़न प्राइम एक ही समय में इस एनिमेटेड सीरीज़ का प्रसारण कर रहे हैं। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **#BharatHainHum, #Doordarshan,** आदि हैशटैग का उपयोग करके साझा किए गए चित्रों, वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर सोशल मीडिया पहुंच बनाई।

4. **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' (बांग्ला):** 'मुजीब : द मेकिंग ऑफ ए नेशन', बांग्लादेश के राष्ट्रपिता 'बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान' की बहुप्रतीक्षित बायोपिक है जिसे भारत और बांग्लादेश द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया गया है। इसे 27.10.2023 को देश भर में रिलीज़ किया गया। इसे बांग्लादेश में 13.10.2023 को रिलीज़ किया गया और इसे देश के सभी बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ते हुए शानदार प्रतिक्रिया मिली। 25.10.2023 को मुंबई में भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय में फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अभिनेता श्री आरिफिन शुवू , फिल्म के कलाकार और क्रू, प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियों और उद्योग के अन्य लोगों ने भाग लिया। फिल्म निर्देशक श्री श्याम बेनेगल को इस विशेष स्क्रीनिंग में बहुत अधिक सराहना मिली।

5. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने 13.10.2023 को घोषणा की कि 20 से 28 नवंबर, 2023 तक गोवा में आयोजित होने वाले आगामी 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) में प्रसिद्ध हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता **श्री माइकल डगलस को** प्रतिष्ठित **सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा। इस संदर्भ में, **भारतीय पैनोरमा 2023 ने** 54वें आईएफएफआई 2023 में प्रदर्शित की जाने वाली 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों के आधिकारिक चयन की घोषणा की। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) भारत ने भी गोवा में 20 से 24 नवंबर, 2023 तक आईएफएफआई के साथ आयोजित किए जाने वाले **फिल्म बाजार 2023** के सह-निर्माण मार्केट फीचर लेंथ परियोजनाओं के लिए 11 देशों से चयनित 20 परियोजनाओं और वृतचित्र सह-निर्माण बाजार के लिए 12 नॉन-फीचर फिल्मों (वृतचित्र) की घोषणा की जो चयनित परियोजनाओं को बाजार में उद्योग पेशेवरों के साथ पिच, कनेक्ट और सहयोग करने के लिए एक अवसर प्रदान करता है।

6. **भारत को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (एआईबीडी) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।** भारत पहले ही 2018 - 2021 और 2021-2023 तक एआईबीडी जनरल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरा कर चुका है। एआईबीडी जैसे 50 साल पुराने संगठन के इतिहास में पहली बार हुई यह उपलब्धि पूरे एशिया प्रशांत क्षेत्र में प्रसारण संगठन के भारत पर विश्वास और भारत पर अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के मजबूत भरोसे को दिखाता है।

7. एक निष्पक्ष और टिकाऊ मूल्य निर्धारण ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों की कड़ी, भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सितंबर, 2023 में सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के लिए इस उद्देश्य के लिए गठित दर संरचना समिति की सिफारिशों के आधार पर **प्राइवेट एफएम रेडियो स्टेशनों पर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के लिए नई दरों को मंजूरी दे दी है ।** मंत्रालय द्वारा 7 वर्षों के बाद संशोधित की गई विज्ञापन दरों में दिसंबर 2015 से मार्च 2023 तक की अवधि के लिए बढ़ती लागत गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए बेस रेट में 43 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है।

8. **जी-20 प्रेसीडेंसी पर अभियान**

8.1 मंत्रालय ने **माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात का सितंबर 2023 संस्करण प्रकाशित किया है जिसमें** कवर स्टोरी के रूप में **'जी20'** को दर्शाया गया है। इस ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया है। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

8.2 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के अक्तूबर 2023 के पाक्षिक संस्करण में कवर स्टोरीज़ "*भारत की अध्यक्षता में* ***जी-20 शिखर सम्मेलन*** *तक पहुंचने के लिए वर्ष भर की यात्रा*" और "*नारी शक्ति वंदन अधिनियम*" को 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया और सीबीसी द्वारा देशभर में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण को MyGov India के ई- संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से 70.6 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजा गया।

8.3 प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने **योजना का नवंबर 2023** का विशेष अंक **'वन अर्थ. वन फैमिली. वन फ्यूचर' विषय पर तैयार और प्रकाशित किया**, जो विभिन्न क्षेत्रों में भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के बहुमुखी प्रभाव को रेखांकित करता है, जिसमें समावेशी विकास, डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्थिरता और लैंगिक समानता पर जोर दिया गया है। इस अंक का मुख्य लेख भारत के जी20 शेरपा श्री अमिताभ कांत का है और इसमें भारत के जी20 के मुख्य समन्वयक और अन्य विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण लेख शामिल हैं।

8.4 प्रसार भारती नेटवर्क और पीआईबी ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा **जी20 संसदीय अध्यक्षों के** 9वें **शिखर सम्मेलन (पी20)** के उद्घाटन को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया है। एनएमडब्ल्यू ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर सोशल मीडिया प्रसार का कार्य किया, जिसमें **हैशटैग #G20**, **#G20India**, **#G20Presidency,** आदि का उपयोग करके साझा किए गए वीडियो बाइट्स और ग्राफिक्स शामिल हैं।

9. भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अपर सचिव, सुश्री नीरजा शेखर की अध्यक्षता में उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों ने स्पेन में 21 से 28 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित **वलाडोलिड या सेमिनसी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 68वें संस्करण में भाग लिया।** इस महोत्सव में **भारत को अतिथि देश के रूप में नामित किया गया था।** महोत्सव के दौरान सोलह (16) भारतीय फिल्में दिखाई गईं और दो लघु फिल्मों को मीटिंग प्वाइंट प्रतियोगिता के लिए चुना गया।

9.1 26 अक्तूबर को विशिष्ट अतिथियों के लिए **'भारत दिवस' का उत्सव** आयोजित किया गया, जिसमें 'इंडियन सिनेमा: ट्रेडिशन्स, रप्चर्स एंड डिसिडेंस' नामक पहली द्विभाषी (अंग्रेजी और स्पेनिश) पुस्तक का विमोचन हुआ, जो लेखों का एक संकलन है और जिसमें प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा भारतीय सिनेमा के सबसे ऐतिहासिक क्षणों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर भारत की फिल्मों की क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधता पर चर्चा के लिए एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेस का भी आयोजन किया गया।

9.2 **"भारतीय फ़िल्म पोस्टर" पर** प्रतिष्ठित पोस्टरों के माध्यम से भारतीय फिल्म उद्योग की विविधता को दर्शाते हुए, स्पेन में कासा डे ला इंडिया में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। एनएफडीसी इंडिया ने विदेशी और आधिकारिक सह-निर्माण के लिए भारत सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु स्पेनिश फिल्म कमीशन और एसोसिएशन ऑफ फिल्म कमिश्नर्स इंटरनेशनल (एएफसीआई) द्वारा आयोजित शूटिंग लोकेशन मार्केट में भी भाग लिया।

10. प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने 18 से 22 अक्तूबर, 2023 तक फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आयोजित दुनिया के सबसे प्रशंसित पुस्तक मेलों में से एक, **75वें फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में भाग लिया।** डीपीडी स्टॉल के साथ-साथ इंडिया नेशनल स्टैंड का उद्घाटन श्री विनोद कुमार, वाणिज्य दूतावास, भारतीय वाणिज्य दूतावास, फ्रैंकफर्ट ने 18.10.2023 को किया। अपने कालजयी साहित्यिक खजाने को प्रस्तुत करते हुए, डीपीडी ने विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का अपना समृद्ध संग्रह पेश किया और राष्ट्रपति भवन और माननीय प्रधानमंत्री के भाषण पर अपनी प्रीमियम पुस्तकें भी प्रस्तुत कीं।

11. **विशेष अभियान 3.0**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय और उसकी मीडिया यूनिटों/संगठनों ने उत्साहपूर्वक 2 से 31 अक्तूबर, 2023 तक विशेष अभियान 3.0 चलाया। इस अभियान के दौरान, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **633 आउटडोर अभियान चलाए**, **1197 स्थानों की सफाई की, निपटान के लिए 44834 किलोग्राम स्क्रैप आइटम की पहचान की**, **20110 भौतिक फाइलों की छंटनी की** और **41.8 लाख रुपये का राजस्व अर्जित हुआ।** इसके अलावा, मंत्रालय ने 363 लोक शिकायतों, 84 पीजी अपीलों, 21 एमपी संदर्भों, 2 पीएमओ संदर्भों और 7 संसदीय संदर्भों का निपटान किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार श्री आर.के. जेना ने 16.10.2023 को सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई), कोलकाता की यात्रा के दौरान अभियान की प्रगति की समीक्षा की और डॉ. अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आर्थिक सलाहकार ने 25.10.2023 को लेह की यात्रा के दौरान अभियान के

भाग के रूप में विभिन्न मीडिया यूनिटों का निरीक्षण किया। एनएमडब्ल्यू ने **#SpecialCampaign3**, **#Swachhta3.0**, आदि हैशटैग का उपयोग करके सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया एकाउंटस पर सोशल मीडिया प्रचार किया।

12. **विशेष कवरेज और प्रकाशन:**

12.1 **चुनावों का कवरेज**: चुनाव वाले राज्यों यथा मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में **डीडी डायलॉग (चुनाव सम्मेलन)** आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख राजनीतिक नेताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। डीडी न्यूज ने चुनाव से जुड़ी जमीनी कहानियों को कवर करने के लिए **खास कार्यक्रम 'चुनाव रथ'** पेश किया। चुनाव रथ ने '*क्या बोले राजस्थान*', '*क्या बोले छत्तीसगढ़*' और '*क्या बोले मध्य प्रदेश*' शीर्षक के साथ इन तीन राज्यों की यात्रा की। एक और विशेष कार्यक्रम **'जनादेश'** राज्यों में विधानसभा चुनावों के सभी अपडेट को कवर कर रहा है।

12.2 **राष्ट्रीय एकता दिवस का कवरेज:** डीडी न्यूज और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने मेरा युवा भारत (एमवाई भारत)' प्लेटफॉर्म के लांच सहित **राष्ट्रीय एकता दिवस परेड** और माननीय प्रधान मंत्री द्वारा केवडिया, गुजरात में सरदार पटेल की 148वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया है। आकाशवाणी का वार्षिक **सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान** पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा दिया गया। एनएमडब्ल्यू ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया एकाउंटस पर तस्वीरों, वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सोशल मीडिया पहुंच बनाई, जिसे हैशटैग **#RastriyaEktaDiwas, #राष्ट्रीय_एकता_दिवस, #SardarPatelJayanti, #NationalunityDay2023**, आदि **का उपयोग करके** साझा **किया गया।**

12.3 प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा **मेरी माटी मेरा देश** अभियान और **अमृत कलश यात्रा** के समापन कार्यक्रम में **अमृत वाटिका** के शिलान्यास, प्रधानमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से तीसरे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 का उद्घाटन, प्रधानमंत्री द्वारा भारत के पहले क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर का उद्घाटन और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाना, प्रधानमंत्री द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 के 7वें संस्करण का उद्घाटन, प्रधानमंत्री द्वारा गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन, प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान नवनियुक्त रंगरूटों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण, प्रधानमंत्री जी द्वारा मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में अपने विचार साझा करना आदि को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

13. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- **महत्वपूर्ण अभियानों पर मीडिया आउटरीच और संचार:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कृषि मंत्रालय और इसकी मीडिया यूनिटों के साथ समन्वय कर योजनाओं की परिपूर्णता (सैचुरेशन) प्राप्त करने

के लिए नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए **जमीनी स्तर पर राष्ट्रव्यापी आईईसी अभियान के लिए एक योजना तैयार की है।** इस अभियान में ग्रामीण, जनजातीय और शहरी क्षेत्रों में आईईसी वैन की आवाजाही, आउटडोर क्रिएटिवस आदि शामिल हैं और इसे राज्य सरकार, जिला अधिकारियों और स्थानीय निकायों के समन्वय में पूरे सरकारी पहुंच के तहत लागू किया जाना है।

- **विज्ञापन संहिता के उल्लंघन के लिए टीवी चैनलों के खिलाफ कार्रवाई:** प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों द्वारा कथित आपत्तिजनक/भ्रामक विज्ञापनों के प्रसारण के खिलाफ शिकायतें/संदर्भ प्राप्त हुए थे। अंतर-विभागीय समिति (आईडीसी) ने दिनांक 13.09.2023 को आयोजित इसकी बैठक में मामलों पर विचार किया। आईडीसी की सिफारिश के आधार पर, मंत्रालय ने दिनांक 10.10.2023 के आदेश द्वारा एक टीवी चैनल को सीटीएन अधिनियम 1995 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत विज्ञापन संहिता के उल्लंघन में विज्ञापन प्रसारित करने के लिए पांच दिनों तक दिन में तीन बार पांच मिनट के लिए 'माफी स्क्रॉल' चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, मंत्रालय ने दिनांक 27.10.2023 के आदेश द्वारा एक अन्य टीवी चैनल को भी सीटीएन अधिनियम, 1995 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत विज्ञापन संहिता के उल्लंघन में विज्ञापन प्रसारित करने के लिए 7 दिनों के लिए ऑफ-एयर करने का निर्देश दिया।

- **डिजिटल मीडिया** :
  - मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69क के तहत कवर की गई सामग्री को चलाने के लिए आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 2 यूट्यूब चैनल और 36 सोशल मीडिया पोस्टस को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।
  - आईटी नियम, 2021 के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए स्व-विनियामक निकायों, अर्थात् डिजिटल प्रकाशक सामग्री शिकायत परिषद (डीपीसीजीसी) और डिजिटल मीडिया सामग्री विनियामक परिषद (डीएमसीआरसी) के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 02 नई अनुमतियाँ प्रदान की हैं और महीने के दौरान किसी भी चैनल के सरेंडर अनुरोध/रद्दीकरण को स्वीकार नहीं किया है। **दिनांक 31.10.2023 तक** भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **913** है ।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** माह के दौरान दो (02) नए सीआरएस **चालू किए गए।** माह के दौरान **दो (02) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए)** और **एक (01) नवीनीकृत जीओपीए पर** हस्ताक्षर किए गए। केवडिया, गुजरात और गुवाहाटी, असम में सीआरएस के लिए **दो जागरूकता कार्यशालाएँ** आयोजित की गईं।

- **पत्र सूचना कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में 9500 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं और विभिन्न मुद्दों पर **9 लेख** प्रकाशित किए हैं, जिसमें माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एमएस स्वामीनाथन पर लिखित एक **विशेष लेख भी शामिल** है जिसे देश भर के 332 समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **21 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया** और 24 ट्वीट किए। 23 केंद्रीय लोक कल्याण योजनाओं और पीपुल्स जी20 बुकलेट पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के डेटा अद्यतिकरण के लिए अनुसंधान इकाई से इनपुट प्रदान किए गए थे।

- सीबीसी ने देशभर में गांधी जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर डिजाइन और सामग्री को अंतिम रूप दिया और **प्रिंट मीडिया अभियान जारी किया।** सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से स्वच्छता विशेष अभियान 3.0, मेरी माटी मेरा देश**, **स्वच्छता ही सेवा, एक तारीख एक घंटा, विश्वकर्मा योजना** आदि **जैसे विभिन्न विषयों पर आईसीओपी, फील्ड कार्यक्रम और जागरूकता का आयोजन किया** जो निम्नानुसार हैं:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 19118 (210231) | 5315 | 2481 | 12166 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने **लगभग 362 युनिक ग्राफिक्स/ वीडियो/ इमेज/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा कर महीने के दौरान विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

  **मेरी माटी मेरा देश** और अन्य प्रमुख अभियानों यथा विशेष अभियान 3.0, स्वच्छता ही सेवा, एशियन गेम्स 2022, पी20 शिखर सम्मेलन, जी20 शिखर सम्मेलन, मिशन गगनयान, ऑपरेशन अजय, भारत के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, एशियन पैरा गेम्स 2022, राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, कैबिनेट राउंड-अप, एमआईबी पॉडकास्ट, एमआईबीपॉजिटिव, वीकनामा आदि जैसे अभियानों को इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष #23073775